# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, महोबा वन प्रभाग, महोबा।

पत्रांकः– 3821 /33-1 ,दिनांक, महोबा, मई 20 ,2022

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम ग्रामीण,
महोबा।

विषयः– उ0प्र0 जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सलईया–नाथूपुरा, लहचुरा–काशीपुरा, धवर्रा–सिजवाहा, शिवहर एवं कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना में पेय जल पाइप लाइन बिछाने हेतु जिला–महोबा में प्रभावित 12.4869 हे0 संरक्षित एवं 1.9665 हे0 आरक्षित वनभूमि अर्थात् कुल 14.4534 हे0 वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 375 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भः– 1. मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ का पत्रांक–3232/11–सी–FP/UP/water/150368/2021, दिनांक 17.05.2022.
2. इस कार्यालय का पत्रांक–3793/33–1, दिनांक 17.05.2022.

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सलईया–नाथूपुरा, लहचुरा–काशीपुरा, धवर्रा–सिजवाहा, शिवहर एवं कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना में पेय जल पाइप लाइन बिछाने हेतु जिला–महोबा में प्रभावित 12.4869 हे0 संरक्षित एवं 1.9665 हे0 आरक्षित वनभूमि अर्थात् कुल 14.4534 हे0 वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 375 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति से सम्बन्धित प्रस्ताव में बिन्दु संख्या–1 से 10 तक कमियाँ इंगित करते हुये प्रस्ताव वापस किया गया है। अतः उपरोक्त पत्र में अंकित निम्न बिन्दुवार कमियों का अपने स्तर से तत्काल निराकरण करते हुये बिन्दुवार सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि इस स्तर से सम्बन्धित प्रस्ताव में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

***बिन्दु संख्या–1*** प्रस्ताव में पूर्व का त्रुटिपूर्ण आनलाइन पार्ट–1 संलग्न किया गया है। अतः इसे प्रस्ताव से पृथक कर संशोधित आनलाइन पार्ट–1 प्रस्ताव में संलग्न करें।

***बिन्दु संख्या–2*** आरक्षित वनभूमि के सापेक्ष दी जाने वाली गैर वनभूमि के सम्बन्ध में शासन के पत्रांक–वी0आई0पी0–23/14–2–2019–190 जी/2018, दिनांक 28.06.2019 के क्रम में उपजिलाधिकारी, महोबा द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र।

***बिन्दु संख्या–4*** भू–स्वामित्व वाले विभाग के अनापत्ति प्रमाण–पत्र के क्रम में विधिक पत्राचार संलग्न कर इस कार्यालय में उपलब्ध करायें।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
महोबा वन प्रभाग, महोबा।

**पृष्ठांकन संख्या————/अ/सम् दिनांक।**

प्रतिलिपि– वन संरक्षक, चित्रकूटधाम वृत्त, उ0प्र0, बाँदा को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– उप प्रभागीय वनाधिकारी, महोबा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
महोबा वन प्रभाग, महोबा।